JOHNSON®
DESIGNERS' CHOICE
TILES AND BATHWARE

## सुकून की शुरुआत, ज़मीन से होती है:
## बेडरूम टाइल्स, जो आपके लिए एक परफेक्ट रिट्रीट डिज़ाइन करें.



2025

# TILE GUIDE

# आपके बेडरूम की शुरूआत आपके पैरों तले से

***नमस्ते! मैं हूँ अशोक,***
जॉनसन की ओर से आपका टाइल एक्सपर्ट. जब घर की डिज़ाइन की बात आती है, तो बेडरूम के फ़र्श के बारे में अक्सर सबसे बाद में सोचा जाता है. लेकिन सही टाइल्स आपके बेडरूम को स्टाइलिश और सुकूनदायक बना सकती हैं और उनका रखरखाव करना भी आसान होता है.
इस मार्गदर्शिका में मैं आपको वो सब कुछ बताने वाला हूँ, जो बेडरूम टाइल्स चुनते समय जानना ज़रूरी है, ताकि वो आपकी व्यक्तित्व को रिफ़्लैक्ट करें और एक सुकूनदायक रिट्रीट बना सकें.



# धारणा बनाम तथ्य

*आगे बढ़ने से पहले, चलिए एक आम गलतफहमी को दूर कर लेते हैं:*

धारणा: टाइल्स कोल्ड और इंपर्सनल लगती हैं – वुड या कारपेट बेडरूम के लिए बेहतर होते हैं.

तथ्य: सही फिनिश और डिज़ाइन के साथ टाइल्स वार्म और कोज़ी भी हो सकती हैं – और इनका रखरखाव भी आसान होता है.

आज की बेडरूम टाइल्स वुड-लुक प्लैंक, सैटिन मैट टेक्सचर और प्राकृतिक स्टोन टोन में आती हैं, जो बेडरूम के लिए बिल्कुल वैसा शांत और स्वागतपूर्ण माहौल बनाती हैं, जैसा उसे होना चाहिए. वुड या कारपेट के विपरीत, ये मॉइश्चर-रेज़िस्टेंस होती हैं, इन्हें साफ़ करना आसान होता है और इन्हें किसी खास देखभाल की ज़रूरत भी नहीं होती है.



# बेडरूम में टाइल्स होना क्यों ज़रूरी है?

टाइल्स शायद बेडरूम फ्लोरिंग के लिए पहली पसंद न लगें, लेकिन वास्तव में इसके बारे में सोचना ज़रूरी होता है. आज की वर्सेटाइल डिज़ाइनों के साथ टाइल्स से हमें वुड की गर्माहट, मार्बल की खूबसूरती या प्राकृतिक स्टोन की सादगी मिल सकती है, और साथ ही रोज़मर्रा के हिसाब से मज़बूती और कम रखरखाव की सहूलियत भी.

बेडरूम में लिविंग रूम या किचन के मुकाबले कम आवाजाही होती है, इसलिए वहाँ ऐसे फ़र्श की बहुत ज़रूरत नहीं होती है, जो भारी उपयोग के लिए बने हों. यहाँ जरूरत होती है एक ऐसे सर्फेस की, जो आपके मनोदशा के अनुकूल हो, जो आपके फर्नीचर से मेल खाए और जिससे ऐसा माहौल बने, जो पूरी तरह से 'आपका' लगे.



# एक कॉम्पैक्ट बेडरूम को भी ऐसा बनाएँ, जिससे ज़्यादा खुला होने का एहसास मिले.



अधिकतर घरों में बेडरूम का आकार 120 से 150 वर्ग फीट होता है. यह शायद डिज़ाइन की लिमिटेशन लगे – लेकिन वास्तव में यह एक मौका है. बड़े साइज की टाइल्स जैसे 60×120 cm या 80×160 cm लगाने से ग्राउट लाइन कम होती हैं, जिससे कमरे में ज़्यादा खुलापन और एकरूपता महसूस होती है.

यहाँ तक कि 60×60 cm की टाइल्स भी छोटे स्पेस में बेहतरीन दिख सकती हैं, अगर सही फिनिश वाली टाइल्स इस्तेमाल हो और चूंकि बेडरूम के फ़र्श का लगभग 70% हिस्सा फर्नीचर से ढका होता है, इसलिए जो हिस्सा दिखाई देता है – वही कमरे के लुक पर सबसे ज़्यादा असर डालता है.

# वॉर्म्थ और टैक्शचर के लिए वुड-लुक टाइल्स सबसे बेहतरीन विकल्प हैं.



अगर आप चाहते हैं कि आपका बेडरूम सुकून देने वाला और प्राकृतिक लगे, तो वुड-लुक टाइल्स बेहतरीन विकल्प हैं. असल वुड के विपरीत, इन पर न तो स्क्रैच होते हैं, न ही नमी सोखने की समस्या होती है, और न ही इन्हें पॉलिश करवाने की ज़रूरत होती है – फिर भी इनसे आपको वैसी ही रिचनेस और ग्रेन-डिटेल का एहसास मिलता है, जो ट्रेडिशनल फ़्लोरिंग में होती है.

आप इन फॉर्मेट्स में चुन सकते हैं:

- 60 × 120 cm
- 20 × 120 cm
- 20 × 100 cm प्लैंक टाइल्स

इन्हें ब्रिक या हेरिंगबोन पैटर्न में लगवाकर आप इनसे एक हैंडक्राफ्टेड और कोज़ी लुक पा सकते हैं.





# क्या आप एलिगेंट और न्यूनतम डिज़ाइन पसंद करते हैं? तो चुनिए मार्बल और स्टोन फिनिश

जो लोग ज़्यादा आलीशान डिज़ाइन पसंद करते हैं और खूबसूरती की गहरी समझ रखते हैं, उनके लिए सॉफ्ट न्यूट्रल टोन वाली मार्बल लुक टाइल्स सही हैं, जो बेडरूम को एक शांत, सुकून भरी जगह बना देती हैं. बेज़, ग्रे और ऑफ-व्हाइट पैलेट्स से हमें सदाबहार लुक और स्पा-जैसा एहसास मिलता है.

अगर आप आधुनिक न्यूनतम लुक चाहते हैं, तो इसके लिए लाइट ब्राउन या सीमेंट ग्रे जैसे ईडेन शेड्स में प्राकृतिक स्टोन से प्रेरित टाइल्स बेहतरीन हैं.

ये ज़रूरी नहीं कि आप खूबसूरती और उपयोगिता के बीच किसी एक को ही चुन सकते हैं, आप चाहें तो ये दोनों पा सकते हैं.



# ऐसा फिनिश चुनें जो आपके मनोदशा के उपरीत हो.

आपको अपने बेडरूम में कैसा एहसास मिलेगा, ये डिज़ाइन पर जितना निर्भर होता है, उतना ही फ़िनिश पर भी होता है. एक नज़ाकत भरे अंतरंग माहौल के लिए सैटिन मैट सबसे अच्छा विकल्प है. यह पैरों के नीचे बेहतरीन एहसास देता है और रोशनी के नीचे चमकता भी नहीं है. अगर आपके कमरे में प्राकृतिक रोशनी कम है, तो आप चमकदार, स्लीक, ग्लॉसी टाइल्स चुन सकते हैं, जो प्रकाश को प्रतिबिंबित करता है और जगह खुली-खुली दिखें. या अगर आप कुछ ऐसा चाहते हैं, जो थोड़ा टैक्चर्ड और प्राकृतिक हो, तो इस मामले में रस्टिक फ़िनिश आपके लिए सबसे अच्छी साबित हो सकती हैं.

# बेडरूम टाइल्स के लिए जांच सूची

*अलग-अलग बेडरूम सतहों के लिए टाइल्स चुनते समय आप इसका उपयोग संदर्भ के रूप में कर सकते हैं.*

## छोटे या कॉम्पैक्ट बेडरूम के लिए:



- ✓ 60 × 120 cm जैसे साइज़ वाली टाइल्स से ज़्यादा खुला और निर्बाध लुक मिलता है
- ✓ पैरों के नीचे सुकूनभरे एहसास के लिए अपनाएँ सैटिन मैट फिनिश

## वॉर्म और वुडन लुक के लिए:



- ✓ 20 × 100 cm, 20 × 120 cm या 60 × 120 cm फ़ॉर्मेट्स में चुनिए वुडन लुक वाली टाइल्स
- ✓ इसे और आकर्षक बनाने के लिए ब्रिक या हेरिंगबोन लेआउट आज़माएँ

## एलिगेंट या मिनिमल लुक वाले बेडरूम के लिए:



- ✓ न्यूट्रल शेड्स में मार्बल-प्रेरित या स्टोन-फ़िनिश टाइल्स अपनाइए
- ✓ सॉफ्ट व्हाइट, सीमेंट ग्रे या, वॉर्म बेज़ जैसी टोन्स भी देखें

## फिनिशिंग के बेहतरीन विकल्प:



- ✓ सैटिन मैट = कोज़ी अंडरस्टेटेड
- ✓ ग्लॉसी = ब्राइट, स्लीक मॉडर्न
- ✓ रस्टिक टैक्शचर = कैरेक्टरफुल, टैक्टाइल

# कौन सा ब्रांड चुनें?

*ऐसे कई अच्छे टाइल्स ब्रांड हैं, जिनसे बेडरूम की बुनियादी ज़रूरतें पूरी हो सकती हैं. लेकिन अगर आप ऐसे ब्रांड की तलाश में हैं, जिसमें खूबसूरती, वॉर्म्थ, कम रखरखाव, और टिकाऊ क्वालिटी का सही संतुलन हो, तो मैं आपको सलाह दूँगा जॉनसन टाइल्स अपनाने की.*

टाइल्स निर्माण में 67 साल से ज़्यादा की विशेषज्ञता रखने वाला जॉनसन भारत के सबसे भरोसेमंद नामों में से एक है, जो देश के अनगिनत घर–मालिकों की पसंद बना हुआ है.

यह ब्रांड ग्राहकों की सही ज़रूरतों के आधार पर उत्पाद बनाने में निवेश करता है, खास तौर पर भारतीय घरों और मौसम के अनुसार.

इन्होंने अपनी टाइल्स को इस तरह से डिज़ाइन किया है कि इनमें व्यावहारिक उपयोगिता और विविधतापूर्ण स्टाइल का सही मेल हो, जिनमें शामिल हैं वुड–लुक, मार्बल, न्यूनतम और स्टोन–प्रेरित फ़िनिश.

जॉनसन बेडरूम विशेष टाइल्स के लिए अनेक विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है, जिनमें अलग–अलग साइज़, टैक्शचर और लेआउट शामिल हैं, जिनकी मदद से आप अपने बेडरूम को एक पर्सनल रिट्रीट में बदल सकते हैं.

# हर बेडरूम लुक के लिए जॉनसन की ओर से आवश्यकतानुसार निर्मित टाइल समाधान :

अगर आप अपने बेडरूम के लिए जॉनसन पर विचार कर रहे हैं, तो यह देखिए कि इसने सुंदरता और लेआउट संबंधी ज़रूरतों के लिए किस तरह से अपना कलेक्शन तैयार किया है.

***वॉर्म, प्राकृतिक एहसास के लिए:***

- इन साइज़ों में वुड–लुक प्लैंक टाइल्स :
- 60 × 120 cm (जॉनसन और पोर्सलेनो कलेक्शन)
- 20 × 120 cm (पोर्सलेनो कलेक्शन)
- 20 × 100 cm (जॉनसन कलेक्शन)
- इन टाइल्स को ब्रिक या हेरिंगबोन पैटर्न में भी लगाया जा सकता है, ताकि स्पेस को मिले एक अलग और आकर्षक लुक.

***आलिशान लुक के लिए:***

- सॉफ्ट बेज़, लाइट ग्रे, ऑफ–व्हाइट में मार्बल–प्रेरित टाइल्स
- 60 × 120 cm और 80 × 160 cm फॉर्मेट्स (जॉनसन और पोर्सलेनो कलेक्शन)

***शांत, न्यूनतम स्टाइल के लिए:***

- ईडेन शेड्स वाली टाइल्स, जैसे सॉफ्ट बेज़, लाइट ब्राउन, सीमेंट ग्रे

***अपने मनोदशा से मेल खाने वाले फिनिश के लिए:***

- सैटिन मैट = आरामदायक और सुकूनभरी
- ग्लॉसी = कमरे को उजला बनाए
- रस्टिक टैक्शचर – इससे मिले टैक्टाइल चार्म



# बेडरूम टाइल्स के लिए

**और अधिक जानें:**

- *अगर आप इस बारे में और अधिक जानकारी लेना चाहते हैं तो* **जॉनसन एक्सपीरियंस सेंटर** *में पधारें, जहाँ सही टाइल्स चुनने में आपको एक्सपर्ट्स का मार्गदर्शन मिलेगा.*


  ***https://www.hrjohnsonindia.com/display-centre***

- *अगर आपके आसपास कोई जॉनसन एक्सपीरियंस सेंटर नहीं है, तो निकटतम अधिकृत जॉनसन डीलर का पता लगाने के लिए* **जॉनसन की वेबसाइट देखें.**

  ***https://www.hrjohnsonindia.com/dealer-locator***

- *या हमारे* **टाइल स्टूडियो** *को आज़माएँ. यह एक इंटरैक्टिव टूल है, जिसकी मदद से आप यह पता लगा सकते हैं कि आपकी अपनी स्पेस में अलग-अलग तरह की टाइल्स कैसी दिखेंगी.*

  ***https://www.hrjohnsonindia.com/johnson-tile-studio***



https://www.hrjohnsonindia.com

**हमारे पूर्ण बेडरूम टाइल्स संग्रह**
*का पता लगाने के लिए*
*इस QR code को स्कैन करें और*
*चुनें अपने घर के लिए उत्तम फ़िट.*

**क्या आप अन्य जगहों के लिए भी प्लानिंग कर रहे हैं?**

अगर आप अपने घर की अन्य जगहों के लिए टाइल विकल्पों की तलाश कर रहे हैं, तो आप इन उपयोगी मार्गदर्शिकाओं को भी देख सकते हैं. आप इनमें से किसी पर भी क्लिक कर सकते हैं. इन्हें उस जगह की खास जरूरतों और उपयोग के आधार पर इस तरह से लिखा गया है कि इनसे आपको सही टाइल्स चुनने में भरपूर मदद मिल सके.

**किचन टाइल्स** | **बाथरूम टाइल्स** | **स्टेयरकेस टाइल्स**

**रूफ़/टैरेस टाइल्स** | **लिविंग रूम टाइल्स**

अपने घर की प्लानिंग करते वक्त, अंतिम चयन से पहले
एक बार सभी विकल्पों को समग्र रूप से देखना
हमेशा अच्छा रहता है – इनसे मदद लें.

JOHNSON®
DESIGNERS' CHOICE
TILES AND BATHWARE

वॉट्सएप: +91 84510 57484 • टोल फ्री नंबर: 1800-210-7484
Email ID: tiles.customercare@prismjohnson.in